प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- सूर्य उपासना का महापर्व छठ के आज तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जायेगा अर्घ्य, राज्यभर में आस्था और उत्साह चरम पर।
- चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में सिविल सर्जन, चिकित्सक और लैब टेक्नीशियन निलंबित, राज्यभर के ब्लड बैंकों की होगी जांच, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने घटना को बताया अमानवीय।
- सारंडा को अभ्यारण्य घोषित करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज, राज्य सरकार की ओर से दायर शपथ पत्र पर किया जायेगा विचार।
- बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड के विभिन्न जिलों में कल से हल्की से भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप संपन्न, भारत बीस गोल्ड मेडल समेत 58 पदक जीतकर बना ओवरऑल चैंपियन।

*****************

सूर्य उपासना और लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर पूरे राज्य में श्रद्धा और उल्लास का माहौल है। महापर्व के दूसरे दिन कल छठव्रतियों ने खरना अनुष्ठान किया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे के निर्जला उपवास शुरू हो गया। पर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। सिमडेगा जिले के छठ पूजा समिति के अध्यक्ष रामकिशुन केसरी ने बताया कि पहले अर्घ्य को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है।

खूंटी जिले में व्रतियों ने छठ महापर्व में आम की लकड़ी के उपयोग के महत्व की जानकारी दी।

इधर, सभी जिलों में नदी और तालाबों में विशेष इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर छठ घाटों पर एनडीआरएफ की टीम को भी तैनात किया गया है।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सरकारी अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सिविल सर्जन डॉ सुशांतो कुमार मांझी, एचआइवी यूनिट के प्रभारी चिकित्सक और लैब टेक्नीशियन को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की है जो एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपेगी। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पीड़ित बच्चों के इलाज का खर्च राज्य सरकार उठायेगी। उनके परिजनों को 2–2 लाख रुपये की सहायता राशि राज्य सरकार देगी।

इधर, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने थैलेसीमिया पीड़ित पांच बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की घटना को अमानवीय और लापरवाही बताया है।

*****************

सारंडा जंगल को अभ्यारण्य घोषित करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दायर शपथ पत्र पर विचार किया जायेगा। इससे पहले 17 अक्तूबर को इस मामले की सुनवाई हुई थी। उस दौरान राज्य सरकार ने शपथ पत्र दायर कर अभ्यारण्य क्षेत्र में पड़ने वाले माइंस, वैध लीज और आबादी को संबंधित क्षेत्र से मुक्त रखने का अनुरोध किया था।

*****************

वस्तु और सेवा–कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। आज हम आपको बताएंगे कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से किस तरह ऑटोमोबाइल उद्योग क्षेत्र में तेजी आ रही हैं।

*****************

ग्रामीण विकास विभाग ने अबुआ आवास योजना के लिए अधिकारियों को ट्रेजरी से राशि की निकासी का निर्देश दिया है। अबुआ आवास योजना के लिए आठ सौ करोड़ रुपये की निकासी अब तक पूरी नहीं होने के कारण जिलों को योजना के लिए पर्याप्त राशि नहीं मिल पायी है। गौरतलब है कि विभाग ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों को किश्तों में राशि का प्रावधान किया था।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक की वजह से इस सप्ताह ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जाएगा।

*****************

राज्य के विभिन्न जिलों में अलग–अलग हादसों में कल सात लोगों की मौत हो गयी। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सोन नदी में नहाने गये तीन युवक डूब गए। वहीं हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के बेला गांव में तालाब में नहाने के दौरान दो बच्चियां डूब गयीं जिससे उनकी मौत हो गयी। वहीं धनबाद के पुटकी थाना क्षेत्र के सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग में भूस्खलन में तीन मजदूर मलबे में दब गए, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गयी। वहीं दुमका के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेहराबांक गांव के पास दो मालवाहक वाहनों की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई।

*****************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड के विभिन्न जिलों में कल से कहीं हल्की, तो कहीं भारी बारिश की संभावना जतायी है। विभाग ने इसको लेकर अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को दक्षिणी पश्चिमी जिलों में, बुधवार को दक्षिणी तथा उत्तर–पूर्वी जिले, गुरुवार को पश्चिमी, उत्तरी और मध्यवर्ती जिले तथा शुक्रवार को राज्य के उत्तर–पूर्वी जिलों में बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान तेज हवा चलने की भी संभावना है।

*****************

रांची में आयोजित साउथ एशियन सीनियिर एथलेटिक्स चैंपियनशिप कल संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। भारत ने 20 गोल्ड, 20 रजत और 18 कांस्य पदक समेत कुल 58 पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में श्रीलंका 40 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि नेपाल कुल छह पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय एथलीट अभिषेक ने प्रतियोगिता जीतने के बाद अपने अनुभव साझा किये।

*****************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित अखबारों ने चाईबासा में थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के आरोपी पदाधिकारियों पर सरकार की कार्रवाई को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा
- हिंदुस्तान की सुर्खी है– झारखंड छठ की आराधना में लीन, पहला अर्घ्य आज।
- दैनिक भास्कर ने छठ पर्व पर गढ़वा समेत छह जिलों में आज हल्की बारिश की संभावना की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर लिखता है– भारत सैफ एथलेटिक्स चैंपियन, 20 स्वर्ण समेत 58 पदक जीते।
- दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है छठ महापर्व।

****************